सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-396
15/09/2016

# मुख्यमंत्री ने गुरू गोविंद सिंह जी महाराज के 350वें प्रकाशोत्सव के अवसर पर तैयार किये गये बेवसाइट का लोकार्पण किया

पटना, 15 सितम्बर 2016 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज गुरू गोविन्द सिंह जी महाराज के 350वें प्रकाशोत्सव के अवसर पर तैयार किये गये बेवसाइट का लोकार्पण मुख्यमंत्री सचिवालय स्थित संवाद सभाकक्ष में किया। इस अवसर पर समारोह को संबोधित करते हुये मुख्यमंत्री ने कहा कि आज 350वें प्रकाशोत्सव के अवसर पर देश–विदेश से लाखों की संख्या में जो लोग यहॉ पधारेंगे, उनकी सुविधा के लिए वेबसाइट लॉच किया गया है। जैसा कि पर्यटन विभाग के प्रधान सचिव ने जानकारी दी है, इससे लोगों को काफी सहुलियत होगी। उन्होंने कहा कि बेवसाइट से आने वाले श्रद्धालुओं को 350वें प्रकाशोत्सव के कार्यक्रम के बारे में जानकारी मिलेगी, किस प्रकार से वे पटना पहॅुच सकते हैं और पटना में कहॉ ठहर सकते हैं, इन सब चीजों के बारे में जानकारी मिलेगी। बेवसाइट से तमाम श्रद्धालुओं को काफी सुविधा होगी, इसके लिए मैं पर्यटन विभाग को बधाई देता हॅू। गुरू गोविन्द सिंह जी महाराज के 350वें प्रकाशोत्सव के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम के लिए नोडल डिपार्टमेंट पर्यटन विभाग को बनाया गया है। 350वें प्रकाशोत्सव की तैयारी पिछले एक वर्ष से शुरू कर दी गयी थी। 350वें प्रकाशोत्सव की तैयारी के लिए कई बैठकें मुख्य सचिव के स्तर पर हुई है, मेरे स्तर पर भी तीन बैठकें हुई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह एक बहुत बड़ा आयोजन है, लाखों की संख्या में लोग इसमें शामिल होंगे, यह हम सब लोंगो के लिए गौरव का विषय है। इस धरती पर गुरू गोविदं सिंह महाराज का जन्म हुआ था, यह हमलोगों के लिए गौरव की बात है कि 350वें प्रकाशोत्सव हम मना रहे हैं। उन्होंने कहा कि गुरू गोविन्द सिंह जी महाराज के 350वें प्रकाशोत्सव का आयोजन बहुत शानदार ढ़ंग से किया जायेगा, जो भी श्रद्धालु देश–विदेश के विभिन्न हिस्सों से यहॉ आयें, वे संतुष्ट होकर जायें। राज्य सरकार ने हर तरह से तैयारी प्रारंभ कर दी है। इसके लिए अलग–अलग लोगों एवं विभागों को जिम्मेवारियॉ भी दी गई है। पटना के जिलाधिकारी, पटना के प्रमण्डलीय आयुक्त, निगर विकास विभाग के जिम्मे भी बहुत सारे काम दिये गये हैं, सभी लोग अपना काम कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पटना साहिब में लोग अनेक रास्तों से पटना साहिब गुरूद्वारा पहॅुच सके, इसकी तैयारी वर्षो पहले शुरू कर दी गयी थी। गुरूद्वारा के अंदर भी बहुत सारा काम किया गया है। सभी अपना योगदान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रकाशोत्सव में राज्य सरकार की बड़ी भूमिका होगी। हमलोगों ने इसके प्रचार–प्रसार के लिए और एक माहौल बनाने के लिए अन्तर्राष्ट्रीय सिख सम्मेलन करने का निर्णय लिया है। अगले सप्ताह अंतराष्ट्रीय सिख सम्मेलन का शुभारंभ होगा। देश–दुनिया के बहुत ही जाने–माने और प्रतिष्ठित अनुभवी लोग इसमें आमंत्रित किये गये है। 22 से 24 सितम्बर तक पटना में इस सम्मोलन का आयोजन किया जायेगा। उन्होंने कहा कि इस सम्मेलन में भाग लेने वालों को गुरूद्वारों का दर्शन तथा राजगीर का भ्रमण भी कराया जायेगा। उन्होंने कहा कि राजगीर का नाम

गुरूनानक देव जी से जुड़ा है। राजगीर में गुरूनानक देव जी कुछ दिन ठहरे थे। जहॉ वे ठहरे थे, वहॉ ठंडे जल का स्रोत है। इसके भी विकास के लिये इंतजाम किया जायेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्यटन विभाग द्वारा एक दल का गठन किया जा रहा है, जो देश के विभिन्न हिस्सों में जायेगा। राज्य सरकार की तरफ से गुरू गोविन्द सिंह जी महाराज के 350वें प्रकाशोत्सव में भाग लेने के लिये लोगों को कहेगा। सरकार द्वारा इस अवसर पर दी जा रही सुविधाओं के बारे में भी लोगों को जानकारी देगा। उन्होंने कहा कि प्रकाशोत्सव के अवसर पर राज्य सरकार अपनी तरफ से गॉधी मैदान में बीस हजार लोगों के ठहरने के लिये पंडाल का निर्माण करेगी। आने वाले लोगों के लिये पार्किंग की व्यवस्था की जायेगी। उन्होंने आयोजन की तैयारी के लिये पर्यटन विभाग को धन्यवाद दिया। 350वें प्रकाशोत्सव का पूरा प्रचार–प्रचार किया जायेगा, इसके लिये टीवी शॉट फिल्म आदि बनाये गये हैं। उन्होंने कहा कि पूरा बिहार गुरू गोविंद सिंह जीमय हो जायेगा। जितना संभव था, वे सब काम किये गये हैं। उन्होंने कहा कि गुरू गोविन्द सिंह जी महाराज के 350वें प्रकाशोत्सव के अवसर पर तीन दिन लोगों की काफी भीड़ होगी। इन तीनों दिन सार्वजनिक अवकाश रहेगा। लोगों की सहुलियत के लिये हर जगह व्यवस्था की जायेगी। सबलोगों ने मिलकर काम किया है, किसी भी प्रकार के समन्वय में कमी नहीं हुयी है। उन्होंने कहा कि प्रकाशोत्सव के आयोजन के लिये बिहार के पूर्व मुख्य सचिव श्री जे0एस0 कंग को भी समन्वय के लिये आमंत्रित किया गया है। लोगों की धार्मिक भावनाओं का ख्याल रखा जायेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्यटन विभाग द्वारा प्रकाशोत्सव के प्रचार–प्रसार के लिये चलंत वैन भी चलायी जायेगी। प्रकाशोत्सव का शानदार ढ़ंग से आयोजन किया जायेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अगले साल गॉधी जी के चंपारण सत्याग्रह के 100 साल पूरा होने पर पूरे साल कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। अगले वर्ष पूरा बिहार बापूमय होगा। उन्होंने कहा कि खालसा पंत की बुनियाद प्रेम है। प्रेम मन में है, तभी मुक्ति मिलेगी। गुरू गोविंद सिंह जी के विचारों को लोगों के बीच प्रचारित किया जायेगा। सबके मन में प्रेम और सहिष्णुता का भाव हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार में शराबबंदी से सभी जगह अच्छा वातावरण बना है। इस तरह के आयोजन से समाज में अच्छा संदेश जायेगा।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने गुरू गोविन्द सिंह जी महाराज के 350वें प्रकाशोत्सव के प्रचार के लिये पर्यटन विभाग द्वारा चलाये जाने वाले चलंत वैन को हरी झंडी दिखाई। इस अवसर पर पर्यटन मंत्री श्री अनिता देवी, प्रधान सचिव पर्यटन श्रीमती हरजोत कौर ने भी समारोह को संबोधित किया।

इस अवसर पर विकास आयुक्त श्री शिशिर कुमार सिन्हा, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अतीश चन्द्रा, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

******